राजस्थान राज्य भारत स्काउट्स व गाइड्स राज्य मुख्यालय

जवाहर लाल नेहरू मार्ग, बजाज नगर मोड़, जयपुर–302015
टेलीफोन नं. 0141–2706830,2706032, **फेक्स नम्बर :– 0141–2707679, ई–मेल:**–rajscoutguide@yahoo.com

क्रमांक:– प– ( )रा.मु./2019–20/5483 **दिनांक:** 21/12 **2020**

विषय:–राज्य स्तरीय स्काउट गाइड रंगोली प्रतियोगिता 2020–21
थीम– " स्काउट गाइड–2020 बनाम कोविड़–19"

महोदय/महोदया,

आपको यह सूचित करते हुए बेहद प्रसन्न्ता है कि राजस्थान राज्य भारत स्काउट्स गाइड्स राज्य मुख्यालय जयपुर द्वारा, भारतीय संस्कृति में रंगोली की पारम्परिक कला को जीवंत रखने व पर्यावरण सुधार की सोच व दृष्टिकोण से, राज्य स्तरीय **रंगोली पेंन्टिग प्रतियोगिता** का आयोजन–जिला, संभाग और राज्य स्तर पर किया जाना है।

इस प्रतियोगिता को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य देश/राज्य की पारम्परिक कला एवं संस्कृति के माध्यम से कोविड़–19 के विरूद्व प्रभावी जन–जागृति हेतु संगठन के नौनिहाल स्काउट–गाइड, रोवर–रेंजर, कब–बुलबुल, की छिपी प्रतिभाओं को उजागर करने हेतु अवसर प्रदान करना है। इस प्रतियोगिता में युवा वर्ग के साथ साथ संगठन की प्रारभ्भिक इकाई कब बुलबुल विभिन्न प्रकार की रंगोली के माध्यम से अपने भीतर छिपी कला को प्रदर्शित कर सकते हैं। इसके अन्तर्गत, मॉडना, भित्तिय चित्र इत्यादी में स्वास्तिक (सांथिया) फूल–पत्तियां, पशु–पक्षीयों, के चित्र, गाय के खुर, गोला–अर्धगोला, आदि चित्रित किए जा सकते हैं। वैसे तो रंगोली आंगन व दिवारों पर चित्रित कर प्राकृतिक रंगों व गुलाल से बनाई जाती है किन्तु इस प्रतियोगिता में सम्भागी चार्ट शीट पर कोविड़ की थीम को सम्मिलित करते हुए चित्र बनाकर उनमे रंग भरकर ऑनलाइन सहभागिता कर सकेंगें।



सभी जिला/संभाग को इस ऑनलाइन प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु निर्देशित किया जाता है कि अधिक से अधिक स्काउट,गाइड, रोवर, रेंजर कब बुलबुल को इस प्रतियोगिता में पंजीकरण हेतु प्रेरित करें जिससे कि वे **कोरोना काल** के दौरान इस प्रतियोगिता का लाभ उठा सकें और **ऑनलाइन** मंच पर स्वयं की कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें।

www.rajteachers.com

प्रतियोगिता का विस्तृत विवरण/प्रक्रिया निम्नानुसार हैः–

1. पंजीकरण– **25 दिसम्बर 2020 से 12 जनवरी 2021** तक ऑनलाइन किया जायेगा। 12 जनवरी 2021 के बाद पंजीकरण स्वीकार नहीं होगा।

2. प्रतियोगिता– **25 दिसम्बर 2020 से 31 जनवरी 2021 तक होगी।**

3. संभागी– पंजीकृत स्काउट/गाइड, रोवर/रेंजर, कब/बुलबुल सहभागिता कर सकेगें

4. आयु–
- **प्रथम ग्रुप– 07 से 10** वर्ष की आयु वर्ग के कब/बुलबुल।
- **द्वितीय ग्रुप– 11 से 17** वर्ष की आयु वर्ग के स्काउट/गाइड।
- **तृतीय ग्रुप– 18 से 25** रोवर/रेंजर्स।

कब–बुलबुल के साथ सम्बन्धित विभाग के यूनिट लीडर भी सहयोगी हो सकेगें।

लिंक https://forms.gle/T8Phs6Gst4JqkEkcA

5. चयन प्रक्रिया :–

अ. जिला स्तर पर – सी.ओ. स्काउट/गाइड सम्पूर्ण जिले के पंजीकृत सम्भागियो से प्राप्त रंगोली पेन्टिंग्स में से प्रत्येक विभाग (1.स्काउट/रोवर/कब 2. गाइड/रेजर/बुलबुल) से 2–2 पेन्टिंग्स का चयन कर मण्डल मुख्यालय भिजवायेगें। मण्डल मुख्यालय को चयनियत पेन्टिंग्स भिजवाने की अन्तिम तिथि 21/01/2021 है।

ब. संभाग स्तर पर – सभी जिला मुख्यालय से प्राप्त रंगोली पेन्टिंग्स में से प्रत्येक विभाग वार प्रथम व द्वितीय विजेताओं को चयन कर राज्य मुख्यालय भिजवानी होगी।

स. राज्य मुख्यालय – को चयनित पेन्टिंग्स भिजवाने की अन्तिम तिथि 25/01/2021 है।

6. परिणाम एवं पुरस्कार – राज्य स्तर पर विभागवार प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त विजेताओं को पुरस्कृत करने की घोषणा माननीय स्टेट चीफ कमिश्नर महोदय द्वारा दिनांक 01 फरवरी 2021 को आयोजित वेबीनार में की जायेगी।

7. पुरस्कार– विजेताओं को पुरष्कृत भी किया जा सकेगा।

8. विशेष– जिला व मण्डल मुख्यालय चाहें तो चयनित विजेताओं को अपने स्तर पर पुरस्कृत/सम्मानित कर सकतें हैं।

www.rajteachers.com

राज्य सचिव

प्रतिलिपिः— सूचनार्थ सादर प्रेषित है —

1. माननीय राज्य मुख्यायुक्त राजस्थान राज्य भारत स्काउट्स व गाइड्स, राज्य मुख्यालय जयपुर।
2. समस्त राज्य पदाधिकारी राज्य मुख्यालय जयपुर ।

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

3. मण्डल मुख्य आयुक्त समस्त को प्रेषित कर निवेदन है कि अपने अधीनस्त सहायक राज्य संगठन आयुक्त/ सीओ. स्काउट/गाइड को उक्त प्रतियोगिता में स्काउट्स—गाइड्स, रोवर्स—रेंजर्स को अधिकाधिक सहभागिता कराने हेतु निर्देशित करें।
4. समस्त सहायक राज्य संगठन आयुक्त — जिले पर चयनित दो—दो विजेताओं के दी गई तिथि में ऑन लाईन प्रतियोगिता आयोजित करवाएं।
5. समस्त सी.ओ.स्काउट/गाइड्स को भेजकर लेख है कि जिला स्तर पर उक्त प्रतियोगिता ऑन लाईन आयोजित कर तीन विजेताओं का चयन कर दो विजेता संभाग हेतु चुनें और संभाग पर ऑन लाईन सहभागिता करवाएं।
6. समस्त स्थानीय संघ सचिव जिला स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में स्काउट/गाइड, रोवर/रेंजर्स की उक्त प्रतियोगिता में सहभागिता करवाए।
7. सहायक प्रोग्रामर , राज्य मुख्यालय जयपुर को परिपत्र संगठन की वेबसाईट पर अपलोड करने व सभी स्थानीय संघ/जिला मुख्यालय/मण्डल मुख्यालय को ईमेल करने हेतु प्रेषित है साथ ही निर्देशित किया जाता है कि ऑनलाईन प्रतियोगिता सम्बन्धि कार्यवाही करें।

राज्य सचिव

www.rajteachers.com